II. कोलिहान खान की वार्षिक अयस्क उत्पादन क्षमता को 0.6 मिलियन टन से बढ़ाकर 0.75 मिलियन टन करना।

III. 0.6 मिलियन टन वार्षिक अयस्क क्षमता की बनवास खान का विकास।

4. खेतड़ी सान्द्रक का आधुनिकीकरण।

II. केन्द्रीय सेक्टर (मध्य प्रदेश)

1. मलंजखंड खान का 2 मिलियन टन वार्षिक से 3 मिलियन टन वार्षिक तक विस्तार।

III. पूर्वी सेक्टर (बिहार)

1. 0.75 मिलियन टन अयस्क और समान क्षमता के सान्द्रक सहित चापरी-सिद्धेश्वर खान का विकास।

2. सिंहभूम पट्टी में इंडियन कापर कम्पलेक्स की मौजूदा खानों का विस्तार और आधुनिकीकरण।

खनिजों पर रायल्टी में संशोधन

663. श्री महेन्द्र सिंह लाठर: क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अनेक राज्य सरकारों ने विभिन्न खनिजों के लिए रायल्टी की दरों में संशोधन किये जाने की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो 1 जनवरी, 1990 से खनिजों की बढ़ी हुई रायल्टी दरें क्या-क्या हैं और वर्ष 1989, 1990 तथा 1991 के दौरान सरकार द्वारा राज्य सरकार को इस मद में कितनी-कितनी धनराशि दी गई है; और

(ग) क्या यह सच है कि राज्य सरकारों द्वारा मांग किये जाने के बावजूद रायल्टी दरों में नाम मात्र की वृद्धि की गई है; और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की नीति क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) से (ग) विभिन्न खनिजों पर रायल्टी की दरों में राज्य सरकारों के अनेक सुझावों पर पर्याप्त विचार करने के बाद, 17-2-92 से संशोधन किया गया है।

खनिजों पर प्राप्त होने वाली रायल्टी की कुल आय राज्य सरकारों की होती है। इसमें केन्द्र सरकार का न तो कोई हिस्सा होता है और न उसे इस मद पर राज्य सरकारों को कोई राशि ही देनी होती है।

**Miues and Minerals Regulation and Development Act, 1957**

664. SHRI RAMDAS AGARWAL : Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the present procedure followed for granting approval of mining leases at State/Central level for major/minor minerals under M.M.R.D. Act, 1957 and seeking clearance from Environment and Forests Ministry is causing considerable delay/loss of revenue to States. concerned;

(b) what is the number of mining; leases so far granted at the State/Central' level for the last 3 years upto 15th February, 1992, in the country particulary in Rajasthan and Orissa ; and

(c) the number of cases still pending for renewal of mining leases/cases rejected and pending for want of Environment/ Forest clearance during the last 2 years in Rajasthan and Orissa?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV) : (a) to
(c) The requisite information is being collected and will be laid on the table of the House.

इस्पात का उत्पादन

655. कुमारी आलिधा : क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991-92 के दौरान देश में इस्पात का कुल कितना उत्पादन होने की संभावना है तथा उक्त वर्ष के